राधे राधे रटता जो कोई नाम है

राधे राधे रटता जो कोई नाम है
उसको मिल जाता मुरली वाला श्याम है
जिसको ढूंढे अब तो ये सारा जहाँ है
मेरा श्याम है वो मेरा श्याम है

जो राधे राधे रटता मेरे श्याम के मन बसता
वृन्दावन की गलियों में वो दीवाना बन फिरता
एक दिन उसको फिर मिल जाता घनश्याम है
मेरा श्याम है वो मेरा श्याम है

जब दर्शन करने जाते पर्दा है सामने आता
मेरे दिल की बात सुनाता वो सांवरिया मुस्काता
आँखों आँखों में हो जाती सब बात है
मेरा श्याम है वो मेरा श्याम है

दुनिया में धाम हज़ारों वृन्दावन धाम निराला
जहाँ कण कण में है रहता वो मोहन मुरली वाला
साहिल का तो ये जीवन ही तेरे नाम है
मेरा श्याम है वो मेरा श्याम है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12657/title/radhe-radhe-rat-ta-jo-koi-naam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |